CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 14-04-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK1 User: cci Time: 04-13-2026 22:44 Color:

महानगर > मुंबई > मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 > चैत्र 24 शक संवत 1948 वैशाख कृष्ण द्वादशी, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 87 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT
# नवभारत टाइम्स



शराब नीति केस से जज अलग हों...केजरीवाल की HC में दलील

▶ देखें अंदर



सोनिया ने संसद के विशेष सत्र और विधेयकों पर उठाए सवाल

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




# दिवा: मां ने खो दिए तीन बच्चे

## हादसे में कई परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

■ अरविंद त्रिपाठी, कल्याण

**कल्याण-मुरबाड** हाइवे पर हुए भीषण सड़क हादसे ने कई परिवारों की दुनिया उजाड़ दी। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जिनमें दिवा निवासी अंजना मोहपे के दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। नेहा (19), मानसी (22) और प्रथमेश (15) की मौत से पूरे इलाके में मातम पसरा है।

प्रथमेश के चचेरे भाई महेश ने बताया कि अंजना को इस दर्दनाक घटना की जानकारी नहीं दी गई है। बताया गया है कि अंजना ने पांच साल पहले अपने पति लक्ष्मण को कैंसर के कारण खो दिया था। इसके बावजूद वह हिम्मत नहीं हारीं और घरों में काम कर अपने पांच बच्चों की परवरिश और पढ़ाई का जिम्मा उठा रही थीं। बड़ी बेटी निकिता की शादी हो चुकी है, जबकि अंकिता और मानसी ग्रैजुएट हैं। नेहा ने हाल ही में 12वीं और प्रथमेश ने एसएससी की परीक्षा दी थी। तीनों गर्मी की छुट्टियों में गांव जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

हादसे में मुरबाड के किसान गणपति मधे, कल्याण के दीपक गवली और महसूल सहायक भूषण घोरपडे की भी मौत हुई।

हादसे के शिकार लोगों के परिजन ने बताया कि कोई दवा लेने जा रहा था, कोई ड्यूटी पर जाने को निकला था, लेकिन सभी की जिंदगी इस हादसे में थम गई। इसी हादसे में मध्य प्रदेश के रिंकू लोधी (40) और कुर्ला निवासी गणेश गुरव (40) ने भी जान गंवा दी। खबर लिखे जाने तक पुलिस और स्थानीय प्रशासन हादसे के शिकार लोगों से जुड़ी जानकारी खंगालने और संबंधित परिजन को सूचना देने की आधिकारिक कार्रवाई में जुटा था।



घटना के बाद अपनों की जानकारी लेने पहुंचे परिजन। इनसेट में नेहा (19), मानसी (22) और प्रथमेश (15) की तस्वीर, जो हादसे का शिकार हो गए।

### RTO सख्त, 1696 वाहनों पर की गई कार्रवाई

हादसे के बाद कल्याण-मुरबाड रोड पर नियमों का उल्लंघन करने वाली काली-पीली टैक्सियों के खिलाफ ऐक्शन तेज करने की बात आरटीओ ने कही है। आरटीओ अधिकारी आशुतोष बारकुल ने कहा कि पिछले एक साल में कुल 1696 काली-पीली टैक्सियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई मुख्य रूप से नियमों के उल्लंघन के मामलों में की गई है। रोड सेफ्टी को लेकर हम और सख्त रुख अपनाएंगे।

> हादसे में टैक्सी ड्राइवर की मौत हो चुकी है, जबकि मिक्सर-ट्रक का ड्राइवर फरार है। हमने मामला दर्ज कर फरार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।
>
> \- अनिल लाड, पुलिस उप अधीक्षक (मुरबाड डिविजन)

> घटना से स्तब्ध हूं। कल्याण-मुरबाड रोड पर एक साल में 1696 काली-पीली टैक्सियों पर कार्रवाई की गई है। अब ऐक्शन और तेज करेंगे।
>
> \- आशुतोष बारकुल, RTO अधिकारी

## हिट-ऐंड-रन: आरोपी को नहीं ढूंढ पाई पुलिस

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: हिट-ऐंड-रन मामले ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 43 वर्षीय फिल्म अभिनेत्री निशा दिनेश कनोजिया एक सड़क हादसे का शिकार हुईं, लेकिन सीसीटीवी होने के बावजूद आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। निशा के मुताबिक वह 27 मार्च को मीरा रोड से काम खत्म कर अपने पति दिनेश के साथ होंडा एक्टिवा से कांजुरमार्ग स्थित घर लौट रही थीं। रात करीब 10:45 बजे जब वह जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड पर कमाल अमरोही स्टूडियो के पास पेट्रोल भरवाकर आगे बढ़ी, तो सिग्नल पर रुके होने के दौरान पवई से जोगेश्वरी की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार दुपहिया वाहन ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी। दोनों गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद आरोपी फरार है। निशा को घाटकोपर के पंडोली अस्पताल में आईसीयू में रखा गया था।

> **CCTV होने पर भी सुराग नहीं, सुरक्षा के दावों की खुली पोल**

## RTO अधिकारी को बिश्नोई गैंग की धमकी



■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर : मीरा-भाईंदर में परमिट, बैच और लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में कड़े नियम लागू करने के बाद कथित तौर पर बिश्नोई गैंग ने आरटीओ अधिकारी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार आरटीओ अधिकारी प्रसाद नालावडे को कथित तौर पर बिश्नोई गैंग के एक सदस्य ने फोन पर धमकाया। इस बाबत काशिगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। सीनियर पीआई राहुल पाटील के अनुसार, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।


पिछले दिनों बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता ने मीरा-भाईंदर आरटीओ विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। उनका दावा था कि परमिट, बैच और लाइसेंस फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जारी किए जा रहे हैं। मेहता ने मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक को शिकायत भी सौंपी थी।

मेहता की शिकायत पर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मामले की जांच के आदेश दिए। इसके बाद आरटीओ ने दस्तावेजों की सघन जांच शुरू की, जिसमें कई मामले संदिग्ध मिलने पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। बताया गया है कि इसी कड़ी कार्रवाई से नाराज बिश्नोई गैंग के तत्वों द्वारा धमकी जा रही है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है, सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर भी सतर्कता बरती जा रही है।

## RTI कार्यकर्ता पर गोलीबारी के आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : ऐरोली में आरटीआई कार्यकर्ता पर गोलीबारी करने वाले आरोपी के साथ चार अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोलीबारी में घायल हुए बिल्डर संदीप गवस और अमित मौर्य का इलाज जारी है।

पुलिस जांच में सामने आया कि बिल्डर गुलशन खान ने शूटर राहुल सहानी को सुपारी दी थी। आरोपी ने गोलीबारी करते समय चोरी की गाड़ी इस्तेमाल की और नंबर मिटा दिया था, जिससे आरोपी की पहचान नहीं हो पा रही थी। पुलिस को पता चला कि जिस बाइक का इस्तेमाल हुआ है, उसकी चोरी की शिकायत सानपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज है। इसके बाद पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी के साथी नागेश भाने को नेरुल से हिरासत में लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि राहुल सहानी के कहने पर मालवणी (मालाड) निवासी मोहम्मद सईद अल्लाउद्दीन खान को बाइक चोरी का काम सौंपा गया था। इसके बाद पुलिस ने मोहम्मद सईद को मालवणी से और राहुल सहानी को परेल से गिरफ्तार किया।






**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in